यूपी मूल के एनआरआई से मिले 1045 करोड़ के निवेश प्रस्ताव : सिद्धार्थनाथ

लखनऊ। कोविड महामारी के दौरान यूपी मूल के 32 प्रवासी भारतीयों से 1045 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह जानकारी एमएसएमई, निवेश और एनआरआई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बुधवार को दी। वह खादी भवन में प्रवासी भारतीयों की सुविधा और निवेश को आकर्षित करने के लिए गठित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों में कृषि, रक्षा और आईटी सेक्टर प्रमुख हैं।

उन्होंने कहा कि 116 भारतीय दूतावासों से संपर्क करके 3064 एनआरआई का डाटा तैयार किया गया। अभी 16 भारतीय दूतावासों से यह डाटा मिल चुका है। जल्द ही पांच और देशों से एनआरआई का डाटा मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि जापान में स्किल्ड वर्कर्स प्रोग्राम

प्रस्तावों में कृषि, रक्षा और आईटी सेक्टर शामिल

के तहत 14 सेक्टर के लिए 3.14 लाख कुशल क्षमता के लोगों को लिया जाएगा। इसके लिए यूपी से 35 हजार कुशल श्रमिकों को तैयार कराया जाएगा। इन्हें जापान की भाषा भी सिखाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि विदेशों में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ओवरसीज मैनपावर रिक्रूटमेंट एजेंसी को ई-डिस्ट्रिक्ट व सेवायोजन पोर्टल से जोड़ा गया है।

औद्योगिक क्षेत्रों के उन्नयन के केंद्र को भेजे 7 प्रस्ताव

एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को एमएसई-सीडीपी योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्रों के अपग्रेडेशन के प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। अभी तक सात प्रस्ताव भेजे गए हैं, जबकि 23 प्रस्ताव प्रक्रिया में हैं। वह बुधवार को खादी भवन में एमएसई-सीडीपी योजना के तहत मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में कामों के संबंध में बैठक कर रहे थे।

यूपी मूल के प्रवासी भारतीयों को मान्यता के लिए एनआरआई कार्ड देने की व्यवस्था है। इसके माध्यम से प्रवासी भारतीयों को विशेष सुविधाएं मिलेंगी। अभी तक आवेदन करने वाले 540 प्रवासी भारतीयों को एनआरआई कार्ड जारी किया जा चुका है। ब्यूरो